प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 02.12.2024

थाना वेवसिटी पुलिस द्वारा अवैध रुप से लिंग परीक्षण करने वाले अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से अल्ट्रासाउण्ड मशीन, बॉक्स MTP उपकरण, दवाईयाँ व कार बरामद ।

दिनांक 01.12.2024 को थाना वेव सिटी पर वादी डॉ0 अनुराग संजोग नोडल आफिसर गाजियाबाद कार्यालय CMO गाजियाबाद द्वारा थाना वेवसिटी पर लिंग परीक्षण करने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान शिवा हॉस्पिटल, भारत धर्मकांटा के सामने मानसरोवर पार्क, लाल कुआँ गाज़ियाबाद से अभियुक्त नाजिम पुत्र दिलशाद निवासी गाँव मुरादपुर पोस्ट सिम्भोल गढगंगा हापुड, उम्र करीब 35 वर्ष व अभियुक्ता ममता पत्नी संदीप निवासी शांति नगर विजय नगर गजियाबाद, उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अल्ट्रासाउण्ड मशीन, बॉक्स MTP उपकरण,दवाईयाँ, 01 कार, 02 सीलबन्द लिफाफा (22,000/- रूपये) व 01 लिफाफा (पेनड्राईव वीडियोग्राफी), 01 पुलिन्दा बिल बुक, 10 खाली प्रिस्क्रिपशन स्लिप, 01 मैडिकल सर्टिफिकेट अस्पताल, 01 अथॉरिटी लेटर, करेन्सी नोट स्लिप घोषणा पत्र बरामद किये गये तथा सन्नी उर्फ आशा पत्नी वेदपाल निवासी मानसरोवर पार्क लालकुआ गाजियाबाद एवं संदीप निवासी हसनपुर गढगंगा जनपद अमरोहा मौके से भाग गये । जिसके सम्बन्ध में वादी डॉ0 अनुराग संजोग नोडल ऑफिसर गाजियाबाद कार्यालय CMO गाजियाबाद उपरोक्त की लिखित तहरीर के आधार पर थाना वेवसिटी पर अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त नाजिम ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं हास्पीटल में काम करता हूँ तथा अभियुक्ता ममता ग्राहकों को भ्रूण परीक्षण कराने के लिए लेकर आती है जिसके एवज में ममता 25000 से 40000 रुपए तक वसूलती है और गर्भ में लड़की पता चलने पर उनका गर्भपात भी करवाती है । इनको प्रति जांच के हिसाब से कमीशन दिया जाता है तथा मैं, डाक्टर सन्नी उर्फ आशा व संदीप के सहयोग से भ्रूण परीक्षण की जांच करता हूँ । दिनांक 01.12.2024 को ममता जांच कराने के लिए एक महिला को लेकर आयी थी । जिसकी भ्रूण परीक्षण की जांच हमारे द्वारा की गयी थी जिससे हमने 22000/- रुपये लिये थे तभी मेडीकल टीम व पुलिस द्वारा मुझे व ममता को गिरफ्तार कर लिया गया तथा सन्नी उर्फ आशा व संदीप दोनों मौके से फरार हो गये ।

गिरफ्तार अभियुक्त व अभियुक्ता का नाम / पताः-

1.नाजिम पुत्र दिलशाद निवासी गाँव मुरादपुर, पोस्ट सिम्भोल, गढगंगा हापुर उत्तर प्रदेश उम्र करीब 35 वर्ष ।
2.ममता पत्नी संदीप निवासी शांति नगर, नजदीक कमला हाल, विजय नगर गजियाबाद उम्र करीब 35 वर्ष ।

बरामदगी की विवरणः-

अल्ट्रासाउण्ड मशीन, बॉक्स MTP उपकरण,दवाईयाँ, 01 कार, 02 सीलबन्द लिफाफा (22,000/- रूपये) व 01 लिफाफा (पेनड्राईव वीडियोग्राफी), 01 पुलिन्दा बिल बुक, 10 खाली प्रिस्क्रिपशन स्लिप, 01 मैडिकल सर्टिफिकेट अस्पताल, 01 अथोरिरटी लेटर, करेन्सी नोट स्लिप घोषणा पत्र बरामद ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

डिप्टी सीएमओ / नोडल अधिकारी गाजियाबाद एवं गुरुग्राम हरियाणा की स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं थाना वेवसिटी पुलिस टीम